समाचार

# महापौर ने मितानिनों को किया सम्मानित

## (मितानिन बहनों की सेवा भावना व कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की)




कोरबा 28 नवम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में आज वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में मितानिन बहनों का सम्मानित किया तथा उनकी सेवा भावना, कार्य के प्रति उनका समर्पण एवं सहयोग की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में मितानिन बहनों को सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में आज मितानिन बहनों को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं, साथ ही शासन प्रशासन द्वारा समय–समय पर जिन कार्यो की जिम्मेदारी उन्हें दी जाती है, उन कार्यो को वे पूरी निष्ठा लगन व उत्साह के साथ पूरा करती हैं, वे गर्भवती माताओं को समुचित व बेहतर स्वास्थ्य एवं उनके उपचार में अपना महत्वपूर्ण सहयोग देती हैं, मितानिन बहनों की सेवा भावना, कार्य के प्रति उनका समर्पण एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में समय–समय पर प्राप्त होने वाला उनका सहयोग अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होने मितानिन बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। महापौर श्री प्रसाद ने मितानिन बहन सुन्नी साहू, पूनम चौहान, शोभा दीवान, शिव कुमारी, दानेश्वरी श्रीवास, जया यादव, संगीता आदि सहित अन्य मितानिन बहनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर एल्डरमेन एस.मूर्ति, मुकेश सोनकर, गोपाल यादव, सरफुन

निशा, सुनीता केंवट, मंदाकिनी चन्द्रा, दिव्या चौहान, रघुवर ठाकुर, शिवनारायण श्रीवास, रितेश कुर्रे आदि उपस्थित थे।